क्रिसमस आयोजन 23.12.2019

सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय भोपाल में दिनांक 23 दिसम्बर 2019 को क्रिसमस आयोजन का भव्य शुभारंभ प्रार्थना गीत के साथ प्रारंभ हुआ। छात्रों ने ''फादर हेअर वी कम'' इस गीत के साथ ईश्वर की आराधना की। अतिथि देवो भव इस परंपरा का निर्वाह करते हुए पापुआन्यूगिनी से पधारे हुए हमारे गणमान्य अतिथियों की अगवानी विद्यालय के हेड ब्वाय मा. रूशान राना एवं बेण्ड पार्टी के साथ उत्साहपूर्वक की गई जिसमें स्काउट गाइड के छात्रों का भी पूर्ण सहयोग रहा। मंच पर पधारे हुए हमारे विशेष अतिथिगण में 13 शिक्षक एवं दो ब्रदर सेंट चार्ल्स लबंगा सेकेण्डरी स्कूल पी. एन जी शामिल हुए। जिनका स्वागत मोंटफोर्ट संस्था के प्रोविंशियल ब्रदर जेम्स एक्का, आदरणीय ब्रदर मैथ्यू ,प्राचार्य जी आदरणीय ब्रदर मोनाचन के. के. एवं उप–प्राचार्य ब्रदर बाला जोसफ द्वारा मोंमेन्टो शॉल और बुके के साथ किया गया। प्राथमिक विभाग से नन्हे मुन्हे बच्चों की अतिसुन्दर मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस क्लासिकल मनमोहक नृत्य को दिशा निर्देश मिस अनामिका द्वारा दिया गया। कक्षा छटवी आठवी और नवमीं के छात्रों द्वारा केरॉल गीत की सुरमयी प्रस्तुति ने सभी का दिल जीता । ईसा मसीह के जन्म की कथा का वर्णन लघु नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया गया। जिसमें माता मरियम एवं जोसफ का भाग्यशाली होना एवं दुनिया को मसीहा की प्राप्ति होना दर्शाया गया। इसी क्रम हिन्दी विभाग के छात्रों द्वारा भव्य एवं मनमोहक प्रस्तुति सामूहिक नृत्य के माध्यम से दीं। जिसे लोक नृत्य ,भांगड़ा , एवं राजस्थान की कला को दर्शाया गया। तत्पश्चात आदरणीय ब्रदर मोनाचन के.के द्वारा क्रिसमस त्यौहार पर उद्‌बोधित करते हुए सभी गणमान्य एवं मुख्य अतिथियों का स्वागत किया और क्रिसमस की बधाई दीं। साथ ही ईसा मसीह के जन्म का संदेश देते हुए इसे एकता प्रसन्नता और समृद्धि का प्रतीक बताया। इसी क्रम में सामूहिक गीत (केरॉल) अन्तर्विदयालयीन प्रतियोगिता में मोंटफोर्ट विद्यालय के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी । जिसकी मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का दिल जीता ।

पापुआन्यूगिनी से पधारे हमारी अतिथि मिस वैनम वानी ने अपने वक्तव्य में भारत देश में आना अपने आप को धन्य बताया । उनका रेलवे स्टेशन पर स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा जो स्वागत किया गया उसकी उन्होंने भूरि –भूरि प्रशंसा की एवं देश की संस्कृति और रहन सहन की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य सभी गणमान्य ब्रदरर्स ,सिस्टर्स शिक्षकों और विद्यार्थियों का अभिनन्दन करते हुए इनहोंने अभार व्यक्त किया । सभी को क्रिसमस एवं नये वर्ष की बधाई दी ।

क्रिसमस पर्व की नृत्य के रूप में अतिसुन्दर प्रस्तुति जिसे सामुहिक नृत्य के रूप में झमा –झमा प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति ने अपनी अदभुत मुद्राओं की छटा बिखेरी । अनेकता में एकता हिन्द की विशेषता को दर्शाते हुए नृत्य में पापुआन्यूगिनी की सस्कृति की झलक भी मुद्राओं की माध्यम से प्रस्तुत की गई । जिसने सभी का मन मोह लिया। इस नृत्य को नृत्य शिक्षक अजय सर ने निर्देशन में तैयार किया गया। ईसा मसीह अर्थात् प्रभु येशु के आने का

संदेश देते हुए सांता क्लॉस पृथ्वी पर उतरा जिसके आते ही मंच से लेकर प्रांगण खुशियों से झूम उठा। सम्पूर्ण क्रिसमस समारोह अत्यन्त धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। समस्त विद्यार्थी , शिक्षकगण, उपस्थित अतिथिगण एवं अभिभावकों ने कार्यक्रम का पूर्ण आनन्द उठाया। अतिथियों एवं प्राचार्य महोदय द्वारा कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी को क्रिसमस एवं नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की।

विद्यालय के हेड ब्वाय रूशान राना एवं हेड गर्ल नेहा शर्मा ने सभी गणमान्य अतिथियों को प्राचार्य जी का एवं सभी शिक्षकों एवं छात्रों का आभार व्यक्त किया। इस प्रकार हर्षोल्लास एवं राष्ट्रगान का समापन हुआ।

अपराह्न क्रिसमस पर्व का आयोजन विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पूर्ण जोश के साथ प्रारंभ हुआ। प्राचार्य जी एवं विशेष अतिथि महोदय द्वारा केक काटकर सभी का मुँह मीठा किया गया। ईश्वर चराचर में वास करता है ऐसी भावना को व्यक्त करते हुए प्रभु आराधना के द्वारा प्रार्थना नृत्य मा. अजय सर एवं मिस अनामिका द्वारा प्रस्तुत किया गया। नृत्य के द्वारा ईश्वर तक पहुँचने की वंदना की गई । इस मनोरम नृत्य को देखकर सभी का दिल हिलोरे लेने लगा एवं तालियाँ गूँज उठीं । इसके पश्चात प्राथमिक विभाग द्वारा नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई जिसमें मानवता का सच्चे संदेश दिया गया। इसी क्रम हायर विभाग द्वारा केरॉल गीत ने प्रभु के आने के संदेश को दोहराया। जिसे श्रीमान समर्पित सर द्वारा निर्देशित किया गया। हिन्दी विभाग की शिक्षिकाओं द्वारा केरॉल गीत की सुर सरिता में सभी निमग्न हो गए। प्राथमिक विभाग के शिक्षकों ने भी केरॉल गीत के सुर छेड़े जिसे श्रीमान बसंत सर ने सुर ताल दिया। एकल नृत्य के संगम में डूब जाने को मिस अंजली ने मजबूर किया। इस अनुपम प्रस्तुति ने सभी का दिल जीता । एकल गीत को अपनी सुर भंगिमाओं से श्रीमान कपिल सर ने सजाया ऐसा समा बाँधा की चारो ओर वाह! वाह! की गुँज गुँजायमान हो गई । हायर विभाग की शिक्षिकाओं द्वारा सुन्दर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई । प्राचार्य जी ने अपने भाषण में सम्पूर्ण कार्यक्रम की सराहना की एवं ईसा मसीह को किसी एक धर्म का नहीं बल्कि मानवता ,शांति एकता, भाईचारा, एवं समृद्धि का प्रतीक बताया। साथ ही क्रिसमस एवं नए वर्ष की बधाई दी।

पापुआन्यूगिनी से पधारे विशेष अतिथि महोदय ने कार्यक्रम की भरपुर सराहना की। उन्होंने शिक्षकों को कर्मठ एवं कुशल बताया। उन्होंने कहा कि यहाँ तो बच्चे तो बच्चे शिक्षक भी महान है। एवं त्यौहार की ढेर सारी बधाईयाँ दीं।